दैनिक जागरण 02/01/2025

38 सालों की सेवा के बाद डा. सीमा कंसल सेवानिवृत्त

जीएमएन कालेज में डा. सीमा कंसल को विदाई देता स्टाफ • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : अंबाला छावनी स्थित जीएमएन कालेज में 38 वर्षों तक शिक्षण सेवा प्रदान करने वाली डा. सीमा कंसल के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वे कालेज में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष रह चुकी हैं। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि डा. सीमा कंसल ने अपनी विद्वता, नेतृत्व और समर्पण से न केवल कालेज, बल्कि पूरे शैक्षिक समुदाय में एक विशिष्ट पहचान बनाई। अपनी लंबी सेवा अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वे महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका, एंटी-रैगिंग सेल, आंतरिक शिकायत समिति, अनुशासन समिति, और अंडरग्रेजुएट प्रवेश समिति की प्रभारी रहीं। इसके अतिरिक्त वे कालेज पत्रिका की मुख्य संपादक भी रहीं और छात्रों को रचनात्मक लेखन के लिए प्रेरित किया। डा. सीमा कंसल ने कहा कि कालेज स्टाफ का सहयोग हमेशा याद रहेगा।